Fourteenth Loksabha

Session : 7
Date : 20-03-2006

Participants : Kumar Shri Shailendra

an>

Title : Need to approve the developmental projects of Uttar Pradesh pending for clearance from the Central Government.

श्री शैलेन्द्र कुमार (चायल) : माननीय उपाध्यक्ष महोदय, मैं आपका बहुत आभारी हूं कि आपने मुझे बोलने का समय दिया। मैं आपके माध्यम से केन्द्र सरकार का ध्यान आकृट करना चाहूंगा कि उत्तर प्रदेश की तमाम विकास योजनाएं जो केन्द्र सरकार के पास प्रस्तावित हैं, उन पर विशेा ध्यान नहीं दिया जा रहा है। जबकि इसी सदन में उत्तर प्रदेश के सभी सांसदों, चाहे हमारे दल के हों या दूसरे दल के हों, यह मांग उठाई कि उत्तर प्रदेश को स्पेशल पैकेज दिया जाये। चूंकि उत्तर प्रदेश देश का सबसे बड़ा प्रदेश है, हृदय प्रदेश है। अगर उत्तर प्रदेश का विकास नहीं होगा, तो मेरे ख्याल से पूरे देश का विकास असंभव है। इसलिए मैं आपके माध्यम से केन्द्र सरकार से मांग करना चाहूंगा कि उत्तर प्रदेश की विकास योजनाएं जो केन्द्र सरकार के पास लंबित है, उनके लिए धन मुहैया कराया जाये। सरकार उत्तर प्रदेश के विकास के लिए 18,730 करोड़ रुपये का विशेा पैकेज दे।